8 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/8/2024 8:55 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

4 विक्षोभ के प्रभाव से पूरे दिन होती रही रिमझिम वर्षा, 10 डिग्री गिरा पारा



## खबर संक्षेप

### आरएसएस का नववर्ष महोत्सव कार्यक्रम आज

**बैकुण्ठपुर।** हिन्दू नववर्ष 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ कोरिया द्वारा हिन्दू नववर्ष उत्सव एवं नूतन संघ कार्यालय भूतल दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया है। इस संबंध में प्रणव चक्रवर्ती विभाग संघ चालक एवं ललितेश कुमार सह विभाग संघ चालक से मिली जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल को शहर के खुटहनपारा में सायं 4 बजे हिन्दू नववर्ष की प्रथम संध्या में कार्यालय प्रांगण में नववर्ष महोत्सव कार्यक्रम आयोजित की गई है, इसके पूर्व कार्यालय प्रदेश दर्शन,भारत माता पूजन, पौधरोपण कार्यक्रम नियत है। इस अवसर पर सहक्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार द्वारा अपना उद्बोधन भी दिया जाएगा।

### आरएसएस का प्रतिपदा उत्सव आज

**मनेन्द्रगढ़।** हिंदू नववर्ष की पावन तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राष्टीय स्वयंसेवक संघ मनेन्द्रगढ़ नगर द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव कार्यक्रम 9 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित हैं। इसमें सहक्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र प्रेमशंकर सिदार मुख्यवक्ता के रूप में सबका मार्गदर्शन करेंगे। नगर संघ चालक ठाकुर प्रसाद केसरी ने सभी स्वयंसेवकों से समय पर उक्त कार्यक्रम में गणवेश पहन कर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### खड़गवां में खुलेगा व्यवहार न्यायालय

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के तहसील मुख्यालय खड़गवां में व्यवहार न्यायालय खोले जाने को लेकर कवायद शुरू हो गई है। इसीक्रम में एमसीबी कलेक्टर ने तहसीलदार खड़गवां को जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरिया के पत्र एवं रजिस्ट्री ज्ञापन बिलासपुर के पत्र का हवाला देते हुए चाही गई जानकारी तत्काल दिए जाने को लेकर निर्देशित किया है, इस पर तहसीलदार खड़गवां द्वारा चाही गई जानकारी कलेक्टर को प्रेषित कर दी गई है। जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय खड़गवां में व्यवहार न्यायाधीश 2 का न्यायालय प्रारंभ करने की प्रक्रिया चल रही है, इसके लिए उचित कोर्ट रूम की उपलब्धता, मैप व लोकेशन की जानकारी के साथ कोर्ट रूम की साइज, न्यायाधीश के चेम्बर का साइज सहित सुविधा को लेकर जानकारी मांगी गई है। वहीं न्यायाधीशों के लिए आवास, न्यायालयीन कर्मियों के लिए आवास की उपलब्धता की जानकारी मांगी गई थी, जो तहसीलदार खड़गवां द्वारा कलेक्टर एमसीबी को प्रेषित कर दी गई है।

### शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण

**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के केल्हारी तहसील अंतर्गत ग्राम बिछियाटोला में राइस मिलर दबंगई दिखाते हुए लगातार सरकारी जमीन पर बाउंड्री वॉल बनवाकर कब्जा कर रहा है। पूरा मामला ग्राम बिछियाटोला का है। इसमें लगभग दो साल पहले से कोरिया राइस मिल संचालित हो रहा है और राइस मिल के सामने की भूमि शासकीय है, लेकिन राइस मिलर सरकारी जमीन पर अपना आलीशान आफिस बना लिए हैं और आफिस के बाद अब बाउंड्री वॉल निर्माण करवा रहे हैं। बीते 11 मार्च को इसकी लिखित शिकायत भरतपुर-सोनहत विधायक एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केल्हारी को भी की गई थी, बावजूद इसके अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, ना ही अवैध अतिक्रमण रूका हैं।

वनांचल के मरीज हो रहे परेशान, नेटवर्क की रहती है समस्या

# कोटाडोल में नहीं है संजीवनी एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के वनांचल कोटाडोल क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आपात स्थिति में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के वनांचल कोटाडोल के स्वास्थ्य केन्द्र में संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस की सुविधा नहीं है, इसके कारण इस क्षेत्र के लोगों को एम्बुलेंस सेवा की सुविधा कोटाडोल अस्पताल से नहीं मिल पाता है।

क्षेत्र के लोगों को संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस नहीं होने के कारण विभिन्न कारणों से जब लोगो को एम्बुलेंस की जरूरत पड़ती है तो वह सुविधा नहीं मिल पाती, जिसके कारण लोगों को स्वयं के खर्चे पर वाहन की व्यवस्था कर अस्पताल तक मरीजों एवं घायलों को लाना पड़ता है, जबकि सरकार द्वारा संजीवनी एक्सप्रेस की सेवा 108 कॉल करने पर उपलब्ध कराई गई है, लेकिन एमसीबी जिले के कोटाडोल क्षेत्र के लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। मिली जानकारी के अनुसार कोटाडोल के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र के लिए संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस स्वीकृत है, लेकिन वह जनकपुर 3 के नाम से विगत 6 से 7 सालो से चल रही है,इसके कारण वनांचल कोटाडोल क्षेत्र के लोगों को आपात स्थिति में संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस की सेवा नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को निजी वाहन से मरीजों, घायलों को अस्पताल तक लाने की मजबूरी है, जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। जानकारी के अनुसार जब कभी आपात स्थिति होती है तो जनकपुर से 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस वाहन को बुलाना पड़ता है। ऐसे में कोटाडोल क्षेत्र के दुरस्थ ग्राम मुर्किल, कमर्जी, बड़गांवकला एवं बड़गांव खुर्द केसौड़ा तक पहुंचने के लिए एम्बुलेंस वाहन को करीब 65 से 70 किमी की दूरी तय करना पड़ता है, इससे काफी लगता है, ऐसे में आपात स्थिति में कई लोग अपनी व्यवस्था खुद करके आपात स्थिति में मरीजों व घायलों को अस्पताल पहुंचाते हैं। इस तरह जनकपुर से संजीवनी एक्सप्रेस वाहन के चलने के कारण कोटाडोल क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा त्वरित रूप से प्राप्त करने में भारी परेशानी हो रही है। इस दिशा में अब तक न तो जिला प्रशासन का ही ध्यान जा पा रहा है और न ही किसी जनप्रतिनिधि का। क्षेत्र के लोग अपने हाल पर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। दूसरी तरफ कई बार यहां नेटवर्क की समस्या भी सामने आती है।




### महतारी एक्सप्रेस की सुविधा केवल दिन में

एमसीबी जिले के कोटाडोल के स्वास्थ्य केन्द्र में महतारी एक्सप्रेस वाहन मौजूद है, जिसके लिए टोल फ्री नंबर 102 डायल कर सुविधा प्राप्त की जा सकती है ,लेकिन अव्यस्था का आलम यह है कि कोटाडोल स्वास्थ्य केन्द्र को मिली एक्सप्रेस वाहन की सुविधा केवल दिन में ही मिलती है यह सेवा रात में बंद रहती है। ऐसे में यदि किसी गर्भवती महिला को रात में प्रसव पीड़ा शुरू होती है तो लोगों को महतारी एक्सप्रेस की सुविधा नहीं मिलती, ऐसे में उन्हें निजी वाहन कर गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने की मजबूरी बनी हुई है। इस तरह की हालत महीनों से बनी हुई है, लेकिन इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। कोटाडोल वनांचल क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं, जहां रात्रि के समय आपात स्थिति में सुविधाजनक वाहन भी उपलब्ध नहीं हो पाता, जिससे कि गर्भवती महिलाओं को रात्रि के समय अस्पताल लाने के लिए दूसरे विकल्प तलाशने पड़ते हैं, इससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### जिला चिकित्सालय नहीं रेफर करने का पत्र

कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मार्च महीने में एमसीबी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि एमसीबी जिले में सरकार द्वारा नई एम्बुलेंस उपलब्ध करा दी गई है। ऐसे में एमसीबी जिले के मरीजों को रिफर किए जाने की स्थिति में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर न भेजकर मरीजों को सीधे उपचार के लिए हायर सेंटर चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर या डॉ.भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय संबंद्ध महाविद्यालय रायपुर के लिए रिफर करने के संबंध में संबंधित विकासखंड़ चिकित्सा अधिकारी एमसीबी को निर्देशित करने की मांग की है।

### जिले के रेफर मरीज पहुंच रहे जिला अस्पताल

एमसीबी जिले का गठन हुए डेढ़ साल से अधिक का समय बीत गया है, इसके बावजूद एमसीबी जिले के मरीजों को रेफर किए जाने की स्थिति में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर रेफर किया जाता है। आए दिन मनेन्द्रगढ़ के अस्पतालों से मरीजों व कई घायलों को जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर बेहतर उपचार के लिए अब भी आए दिन भेजा जा रहा है।

# चैत्र नवरात्रि आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

9 को चैत्र नवरात्र के साथ विक्रम नववर्ष का शुरूआत हो रहा है, जिससे कि दुगुनी खुशी के साथ दोनों पर्व मनाया जाएगा। 9 अप्रैल को चैत्र नवरात्र में मातारानी की घट स्थापना के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। प्रतिपदा तिथि को माता के शैलपुत्री रूप की पूजा-अर्चना की जाएगी, इसके बाद प्रत्येक दिन विभिन्न रूपो की पूजा की जाएगी और अंतिम नवमी तिथि को माता के सिद्धदात्री रूप की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दिन राम नवमी का पर्व भी मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र को लेकर जिलेभर के देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है, जहां 9 अपै्रल से शक्ति की देवी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना भक्तजनों के द्वारा की जाएगी, इसके साथ ही पूरे नौ दिनों तक देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में भक्तों की भीड़ प्रतिदिन उमड़ेगी और नौ दिनों तक देवी मंदिरों में जयकारे गुंजते रहेंगे। इस दौरान कड़ी धूप के बावजूद भक्तजन माता के दर्शन के लिए नंगे पॉव चलते हैं।

- देवी मंदिरों में विधि विधान से होगी पूजा-अर्चना



### भक्तजनों द्वारा बोया जाएगा ज्वारा

चैत्र नवरात्र के शुरूआत होने के साथ ही भक्तजनों के द्वारा ज्वारा बोया जाएगा। इस अवसर पर गांव-गांव में कई भक्तों के द्वारा अपने घरों में भी ज्वारा बोया जाएगा और इस दौरान पूरे नौ दिनों तक माता की पूजा-अर्चना की जाएगी। शहर से लगे अंचल का प्रमुख आस्था का केन्द्र रमदईया धाम में भी ज्वारा बोया जाता है, इसके बाद अंतिम दिन ज्वारे की झांकी निकालकर विसर्जन किया जाता है। अंतिम दिन गांव-गांव में ज्वारा की झांकी निकाली जाती है, जिसका नजारा देखते ही बनता है।

### आज से जगमग होंगे देवी मंदिर, जलाए जाएंगे ज्योतिकलश

नवरात्र के पहले दिन 9 अप्रैल से ही देवी मंदिर जगमग होंगे। काफी संख्या में ज्योतिकलश जलाए जाएंगे, इसके अलावा मनोकामना ज्योति भी लगातार नौ दिनों के लिए जलती रहेगी, जिससे कि पूरे मंदिर परिसर क्षेत्र माता के भक्ति गीतों से गुंजायमान रहेगा, वहीं देवी मंदिर से भक्ति की बयार भी नौ दिनों तक बहती रहेगी। जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्र के पहले दिन 9 अप्रैल को प्रतिपदा को शैलपुत्री, 10 अप्रैल को ब्रम्हचारिणी, 11 अप्रैल को चंद्रघंटा, 12 अप्रैल को कुष्मांडा, 13 अप्रैल को स्कंदमाता, 14 अप्रैलको कात्यानी,15 अप्रैल को कालरात्रि, 16 अप्रैल को महागौरी तथा नवमी तिथि 17 अप्रै्रल को सिद्धिदात्री रूप की पूजा की जाएगी।

## देशी फ्रीज की बिक्री जोरों पर..



**बैकुण्ठपुर।** गर्मी में मिट्टी के घडे की मांग सबसे अधिक होती है। शहर में चंदिया मप्र के व्यापारी कुछ दिनों पूर्व पहुंचे और पहली खेप में लाए गए घड़ा, सुराही का विक्रय करते रहे। इसी बीच घड़ा, सुराही जमकर बिके और स्टॉक कम होता देख फिर से दूसरी खेप में घड़ा, सुराही विक्रय के लिए लाए हैं। इसी से पता चलता है कि गर्मी के दिनों में मिट्टी के घडे, सुराही की कितनी मांग रहती है। मिट्टी के घडे को देशी फ्रीज भी कहा जाने लगा है।

# नवरात्रः कलश स्थापना के साथ प्रारंभ होगा नौ दिवसीय महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

चैत्र नवरात्रि मंगलवार से शुरू होने जा रही है। इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं। नवरात्रि को लेकर बाजारों में जरुरत की चीजों की दुकानें सज गई हैं। लोगों ने खरीददारी भी शुरू कर दी है।



नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए साल में चार बार नवरात्रि पड़ती हैं, इनमें एक बार शारदीय और एक बार चैत्र नवरात्रि, इसके अलावा 2 बार गुप्त नवरात्रि के दौरान भक्त माता की आराधना करते हैं। नवरात्रि में माता की पूजा-अर्चना करने का विधान सदियों से चला आ रहा है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि नौ अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। श्रीराम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष का पहला दिन नव सवंत्सर का सबसे महत्वपूर्ण एवं पुनीत दिवस होता है। इस दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए सनातनी इसे महाउत्सव के रूप में भी मनाते हैं। इस दिन जो वार पड़ता है, उसको ही वर्ष का राजा मानते हैं। इस प्रकार मंगल वर्ष के राजा हुए हैं, क्योंकि नवरात्रि की शुरूआत मंगलवार से हो रही है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि की अष्टमी 16 अप्रैल को मनाई जाएगी। व्रत पारायण व श्रीराम नवमी 17 अप्रैल को होगी। नवरात्रि कलश स्थापना मुहूर्त सुबह 5:50 से 10:03 बजे तक है। अभिजीत मुहूर्त 11:44 बजे तक होगा।

### घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं मां

पंडित ओम नारायण द्विवेदी के मुताबिक, देवी भागवत पुराण के अनुसार, नवरात्रि में मां दुर्गा के आगमन और प्रस्थान के दौरान वाहन का विशेष महत्व होता है। इस बार नवरात्रि की शुरूआत मंगलवार से हो रही है और जब नवरात्रि की शुरूआत मंगलवार से होती है तो माता का वाहन घोड़ा होता है। घोड़े पर सवार होकर माता रानी का धरती पर आगमन शुभ नहीं माना जाता है, इससे कई गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

### ग्राहकों की भीड़ से बाजार रहा रोशन

बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। बड़े व छोटे चौराहे में दुकानें सज गई हैं। नारियल से लेकर गरी तक की बिक्री होती रही, इसके अलावा व्रत रखने वालों ने फलाहारी सामान सिंघाड़े का आटा, कुट्टू का आटा, आलू की बनी चीजें, साबूदाना, सूखे मेवे, मूंगफली दाना, सेंधा यानी लाहौरी नमक, सिंघाड़े के आटे की खरीदारी की।

# बुजुर्गों एवं नव मतदाताओं का किया जा रहा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एकीकृत बाल विकास परियोजना खड़गवां अंतर्गत सेक्टर देवाडांड़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- मतदान सेक्टरों में जागरूकता कार्यक्रम

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत फुनगा के वरिष्ठ मतदाता चिरौंजिया 62 वर्ष, देवकुमार लक्ष्मनिया 58 वर्ष सहित अन्य मतदाता सम्मिलित हुए। कार्यक्रम शुभारंभ सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती शादा ओरके द्वारा अतिथियों को आगामी लोकसभा चुनाव में बिना किसी प्रलोभन के अपना मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नए मतदाताओं एवं बुजुर्ग मतदाताओं को पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित मतदाताओं द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया, इसके साथ ही सभी उपस्थित मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई। नए मतदाताओं राम पिता प्रेम सिंह, ताराबाई पिता पवन सिंह, सावित्री पिता गोपाल सिंह, संगीता पिता गोपाल, सुखवंती पिता पवन सिंह एवं नव विवाहित बालकुंवर पति पवन सिंह उपस्थित रहे।




# महिलाओं ने रखा सोमवती अमावस्या का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के श्री शीतला माता मंदिर, शिव मंदिर पीपल वृक्ष, तहसीलदार कार्यालय के पास समेत दर्जनभर से अधिक स्थानों पर महिलाओं ने सोमवती अमावस्या फेरी दी।

भोर से ही महिलाएं मंदिर में जुटने लगी थी। सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने व्रत रहकर पीपल के वृक्ष में 108 प्रदक्षिणा फेरी देकर अटल सुहाग की कामना की। एक-दूसरे के मांग में सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। वहीं मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी द्वारा महिलाओं को सोमवती अमावस्या व्रत की संकल्प सहित कथा सुनाई गई। कथा सुनने के लिए सैकड़ों महिलाएं जुटी। हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या का व्रत महत्वपूर्ण माना गया है। सालभर में कुल 12 अमावस्या पड़ती हैं, उनमें से एक है सोमवती अमावस्या। इस व्रत को महिलाएं करती हैं। मान्यता है कि व्रत करने से ग्रह-नक्षत्र की दिक्कत, लंबी बीमारी, शारीरिक कष्ट से मुक्ति मिलती है, वहीं सोमवती अमावस्या तिथि स्नान-दान के लिए बहुत शुभ मानी गई है। क्षेत्र के ⏭ शेष पेज 4 पर



सोमवती अमावस्या पर परिक्रमा देती महिलाएं।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह व राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष क्लेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन के लिए ईव्हीएम और वीवीपैट का प्रथम रेंडमाईजेशन किया। ईव्हीएम का रेंडमाईजेशन कर मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम और वीवीपैट आवंटित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, कांग्रेस प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि शैलेष शिवहरे की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन उपरांत क्लेक्टोरेट परिसर स्थित स्ट्रांग रूम को खोला गया साथ ही निरीक्षण किया गया। ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट व अन्य उपकरणों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, सीसी कैमरा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध किया गया है।



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।

### निर्वाचनः कर्मचारियों को मिलेगा निःशुल्क इलाज

**बैकुण्ठपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों से विभिन्न स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं निर्वाचन कार्य संपन्न करने के लिए लगाई गई है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छग शासन ने चुनाव कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों, केन्द्रीय सुरक्षा बलों के कर्मियों के स्वास्थ्य सुविधा के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा इलाज प्रदान करने का आदेश जारी किया है। जिले में शासकीय अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर श्री बालाजी अस्पताल मोवा रायपुर, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर के अलावा छग राज्य के बाहर इलाज की सुविधा मिलेगी।

# मौसमी असर से महुआ संग्रहण प्रभावित, खरीदी में उछाल

**सोनहत।** खंड स्तर पर विगत 2-3 दिनों से मौसम के बदलते तेवर एवं वातावरण में हल्की ठंडक होने से महुआ के फूल गिरने में भारी गिरावट आने लगी है।

मुख्यालय सहित वनांचल ग्रामों में गरीब परिवारों से लेकर मध्यम वर्ग के खास आय का साधन महुआ संग्रहण में जुटे ग्रामीण परिवारों ने बताया कि मौसमी बदलाव हालिया दिनों में तपिश कम होने से महुआ फूल गिरने की दर खासी कम होने लगी है। हालत है कि मौसमी असर से आने वाले नए महुए के फूल सिकुड़ कर पेड़ में ही रह जाने से महुआ संग्रहण काफी कम होने लगा है। महुआ फसल के कम गिरने से संग्रहण कार्य में जुटे वर्ग मौसमी असर से हल्के चिंतित होने लगे हैं।



### खरीदी दर में उछाल

खंड स्तर पर मौसम के बदले तेवर से महुआ खरीदी कार्य में लगे ट्रेडर्स से लेकर स्थानीय खरीदी कार्य में लगे व्यापारी वर्गों ने बताया कि फसल की आवक कम होने से नए फसल खरीदी दर 30 रूपए से बढ़कर 38-40 रूपए प्रति किलो पहुंचने लग गया है। स्थानीय बाजार में प्रतिस्पर्धा का माहौल होने से हर व्यापारी अपने स्तर से बढ़े दर पर खरीदी करने आमादा हो चला है।

8- APR-Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/8/2024 8:24 PM Page 1



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## आरोपों के बावजूद बेफिक्र नजर आए अमेरिकी रैपर



अमेरिकी रैपर शॉन 'डिडी' कॉम्ब्स मौजूदा समय में यौन तस्करी की जांच की वजह से होमलैंड सिक्योरिटी के निशाने पर हैं। इस बीच उन्हें मियामी के एक रेस्तरां में देखा गया। गंभीर आरोपों से घिरे होने के बाद भी हंसते, मुस्कुराते और धूम्रपान करते दिखाई दिए जैसे इस केस का उन पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा हो। पिछले हफ्ते उनके एलए और मियामी एस्टेट पर की गई छापेमारी के बाद यह नजारा सामने आया है। सफेद शॉर्ट्स में बिना शर्ट के वे फ्लोरिडा की धूप और धूम्रपान का लुत्फ उठाते नजर आए। यह पहली बार नहीं है जब रैपर को जांच के दौरान बेफिक्र होकर मस्ती करते देखा गया है। पिछले गुरुवार को उन्हें लड़कियों के साथ मियामी बीच में टॉप गोल्फ में देखा गया था। बाहर निकलते समय उन्होंने फोटोग्राफरों की ओर मुस्कुराते हुए पोज दिया था। वहीं एक अन्य वीडियो में वे एक बकेट टोपी और एक बड़े साइज का सोने का हार पहने नजर आए थे। उनके गले में नारंगी रंग का तौलिया भी था। रैपर इस हफ्ते बहामास में छुट्टियां मनाने जाने वाले थे, लेकिन अचानक हुई छापेमारी से उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने उनके घर की तलाशी ली और रैपर के दो बेटों को हिरासत में ले लिया गया। साथ ही, उन्हें भी हवाई अड्डे पर रोक दिया गया।

टॉलीवुड

## विजय बोले- खाली शैंपू की बोतल में पानी भर करता हूं इस्तेमाल



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'फैमिली स्टार' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म के प्रचार के लिए वे लगातार इवेंट्स कर रहे हैं। साथ ही साक्षात्कार भी दे रहे हैं। अब उन्होंने हाल ही में दिए साक्षात्कार में खुद को मिडिल क्लास लड़का बताया है। इसके अलावा उन्होंने खुलासा किया है कि वह घर में भी काफी नॉर्मल जिंदगी जीते हैं। अभिनेता विजय देवरकोंडा ने एक कार्यक्रम में मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बातचीत करते हुए खुद को मध्यम वर्गीय लड़का कहा। हाल ही में, हैदराबाद में तेलुगु डिजिटल मीडिया फेडरेशन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां अभिनेताओं ने अपने-अपने करियर पर चर्चा की और पारिवारिक मूल्यों के बारे में भी बात की। विजय ने कहा, ₹मेरी जिंदगी बहुत बदल गई है, लेकिन मेरे दिमाग में मैं अभी भी वही मध्यम वर्ग का लड़का हूं। मुझे अभी भी शैंपू की बोतल लगभग खाली होने पर पानी डालने की आदत है, इसलिए मैं बोतल में पानी डालकर फिर से इसका इस्तेमाल करता हूं। इसे फेंकने से पहले मैं देख लेता हूं कि अभी इसका और इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं। इसी क्रम में चिरंजीवी ने कहा कि वह भी खत्म हो गए साबुन को फेंकने के बजाय एक और सप्ताह के लिए उपयोग करने के लिए छोटे साबुन के टुकड़ों को मिलाते हैं।₹ यही नहीं, मेगास्टार अपने परिवार के सदस्यों को बिजली बचाने को लेकर भी शिक्षित करते हैं। चिरंजीवी ने कहा, ₹मेरा परिवार आदतन बिजली बर्बाद करता है और मैं लाइट बंद कर देता हूं। मैं जल संरक्षण के बारे में भी विशेष ध्यान देता हूं।₹ वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय अपनी अगली फिल्म 'फैमिली स्टार' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फैंस फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'लागे हे मोला तोर लगन' का मुहुर्त



छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लागे हे मोला तोर लगन' का आज लोकायन हॉल में शानदार मुहुर्त हुआ। बतौर विशेष अतिथि निर्देशक द्वय सतीश जैन एवं संतोष जैन मौजूद थे। निर्माता लक्ष्मी महंत एव निर्देशक बलवंत राय की इस फ़िल्म में विशाल दुबे एवं सुचारिता स्वाइन की जोड़ी नज़र आएगी। प्रोडक्शन हेड पूरन किरी हैं। विशेष अतिथि द्वय सतीश जैन एवं निर्देशक संतोष जैन ने मंच से अपने विचार रखते हुए कहा कि "लागे हे मोला तोर लगन' यह टाइटल ही अपने आप में काफी अच्छा है और बनने जा रही इस फिल्म से बहुत से अनुभवी लोग जुड़े हैं। स्वाभाविक है नतीजा अच्छा आएगा।" इस दौरान डायरेक्टर बलवंत राय, प्रोडक्शन हेड पूरन किरी, संगीतकार संजय मैथिल, नायक विशाल दुबे, नायिका सुचारिता स्वाइन एवं अभिनेता संजय महानद ने फिल्म से संबंधित बातों पर प्रकाश डाला। मंच पर अतिथियों के रूप में निर्माता अलक राय, वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध दुबे, निर्देशकगण अनुमोद राजवैद्य, गंगा सागर पंडा एवं शांतनु पाटनवार की उपस्थिति रही। 'लागे हे मोला तोर लगन' के अन्य प्रमुख कलाकार पूरन किरी, डॉ. अजय सहाय, संजय मैथिल, अंजलि सिंग, गंगा सागर पंडा, संगीता निषाद, लवनीत सिन्हा, अमन सागर, प्रगति गुप्ता, श्रुति सिंग, हर्षवर्धन पटनायक, प्रतीक सिंह, सारू दुबे, बेनेडिक्ट फ्रांसिस, निकिता ठाकुर एवं रूपाली चौहान हैं। डीओपी राम सिंग के. हैं। कहानी एवं पटकथा दिलीप कौशिक की है। संवाद राजीव सर्राफ ने लिखे हैं। क्रियेटिव वर्क मोहक जाट का होगा।


मेटावर्स फैशन

लाइफ स्टाइल



मेटावर्स फैशन वीक ने भविष्य के लिए फैशन इंडस्ट्री को नए आयाम दिए है। एमवीएफडब्ल्यू का दूसरा वार्षिक संस्करण एथेरियम ब्लॉकचेन द्वारा संचालित एक आभासी सामाजिक दुनिया, डिसेंट्रालैंड प्लेटफॉर्म पर आयोजित एक फैशन-भरा चार दिवसीय कार्यक्रम था। जिसमें 60 से अधिक डिजाइनरों और कलाकारों के साथ, इस शो में कोच, टॉमी हिलफिगर और डीजल जैसे बड़े नाम शामिल हुए। साथ ही वेब नेटिव ड्रेसएक्स, द फैब्रिकेंट और इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल फैशन ने भी अपनी भागीदारी दी।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स



40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹आपको बताएंगे कि किसी तरह से आप आंखों के नीचे आ रहे एजिंग स्पॉट्स को कम कर सकती हैं या फिर आने से रोक सकती हैं।

### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं।

### आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं। ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं। इस मिश्रण को आप लगा छोड़ सकती हैं। इससे भी डार्क स्पॉट्स कम होंगे और आंखों में चमक भी बढ़ेगी। दूध की मलाई को पान के पत्ते में रख कर ठंड कर लें और फिर आप इसे आंखों पर लगाएं । ऐसा करने से भी डार्क सर्कल्स कम होते हैं और एजिंग स्पॉट्स भी हल्के पड़ने लगते है। त्वचा में मेलेनिन कम बनें, इसके लिए आप बाजार में मिलने वाली सनस्क्रीन इस्तेमाल करें ।

## नवरात्रि के नवरंग, मां के सभी स्वरूपों की पूजा के लिए पहनने अलग-अलग रंग






मार्च में होली के बाद सबसे प्रमुख त्योहार नवरात्रि का आता है। इस बार चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रही है। नवरात्रि नौ दिनों का पावन पर्व है, जिसमें माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना की जाती है। भक्त उपवास रखते हैं और नौ दिनों तक मां के हर स्वरूप की खास पूजा करते हैं। जैसे सभी देवियों का अलग स्वरूप है, वैसे ही उनको प्रसन्न करने का अलग तरीका है। माता के सभी नौ स्वरूपों के अलग अलग प्रिय रंग हैं। माता के प्रिय रंग से उनका श्रृंगार कर सकते हैं ।

### प्रथम नवरात्रि पीला रंग

नवरात्रि की शुरुआत माता शैलपुत्री की पूजा से होती है। पहले दिन घटस्थापना के बाद मां शैलपुत्री की उपासना की जाती है। इस दौरान पीले रंग के वस्त्र पहनकर घटस्थापना करना और पूजा करना शुभ माना जाता है। आप भी नवरात्रि के पहले दिन पीले रंग के कपड़े पहनें। माता का श्रृंगार भी पीले रंग के वस्त्रों से कर सकते हैं।



### दूसरा दिन हरा रंग

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी को हरा रंग प्रिय है। इस दिन हरे रंग की साड़ी या कुर्ता सलवार में तैयार हो सकते हैं और माता की पूजा कर सकते हैं।

### तीसरा दिन भूरा रंग

देवी चंद्रघंटा की पूजा नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है। मां चंद्रघंटा की पूजा में भूरे रंग के कपड़ों को पहनना शुभ माना जाता है। भूरे रंग का कुर्ता और लॉन्ग स्कर्ट पहन सकती हैं। सलवार सूट और फ्लोरल प्रिंट भूरी साड़ी भी काफी सुंदर लुक दे सकती हैं।

## क्या लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए? जानें इससे जुड़े ब्यूटी हैक्स



होंठों पर लगी लिपस्टिक को लॉन्ग-लास्टिंग बनाने के लिए आपको रोजाना लिप केयर रूटीन को फॉलो करना चाहिए। मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं। ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं? तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखने से क्या होता है और यह कितना सही है। साथ ही, बताएंगे लिपस्टिक से जुड़े कुछ अमेजिंग हैक्स।

**किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए ?** : मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट, ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं।

**किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए ?**: ज्यादातर लिपस्टिक में ग्लॉस और मैट फिनिश को पसंद किया जाता है। ऐसे में हमें केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को ही फ्रिज में रखना चाहिए। गलती से भी आपको फ्रिज में मैट फिनिश लिपस्टिक को नहीं रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि मैट लिपस्टिक में ऑयली प्रदार्थ कम होते हैं और फ्रिज में रखी हुई लिपस्टिक को सीधे होंठों पर लगाने से ये लिप्स को ड्राई कर सकती हैं। ऐसे में आपको लिपस्टिक की सही फिनिश भी नहीं मिल पाएगी।

## मंगलसूत्र के ऐसे डिजाइंस जो आपने पहले नहीं देखे होंगे



पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो आपको मंगलसूत्र बनवाने के कुछ रोचक आइडियाज के बारे में जानना चाहिए। इन्हें आप भी एक बार ट्राई कर सकती हैं। आज आपके लिए कुछ ऐसे ही मंगलसूत्र के डिजाइंस, जो आपका मन मोह ।

### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप यदि बहुत ज्यादा महंगा मंगलसूत्र नहीं खरीदना चाहती हैं, तो 14, 18 और 20 कैरेट गोल्ड में आपको लाइटवेट मंगलसूत्र मिल जाएगा। आप इस तरह के मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं। यह मंगलसूत्र भी आपको ऑर्डर पर बनवाना होगा और इसमें अधिकांश लाइटवेट मंगलसूत्र ही आपके देखने को मिलेंगे।

कार्नर न्यूज

तपिश भरे मौसम में आउटफिट्स पर ध्यान देना जरूरी

## गर्मियों के दौरान कूल और स्टाइलिश लुक के लिए अपनाएं फैशन टिप्स

गर्मी के मौसम में शॉर्ट्स और ओवरसाइज्ड टी-शर्ट घर में पहनने के लिए सबसे अच्छे आउटफिट्स में से एक है, लेकिन यह किसी अवसर के हिसाब से सही नहीं है। किसी भी अवसर के लिए आपका ड्रेसिंग सेंस अच्छा होना चाहिए। साथ ही ग्रूमिंग स्टाइल भी मौसम के अनुसार होना चाहिए। आप ये फैशन टिप्स फॉलो करें, ताकि आपको गर्मियों में किसी भी अवसर पर कूल और स्टाइलिश लुक मिल सके।



### कपड़े फिट तो आप हिट

गर्मियों में कई पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपका फैशन खराब होता है। कपड़े कितने ही महंगे क्यों न हों या फिर कितने ही मनपसंद क्यों न हों, अगर ये आपकी बॉडी पर फिट नहीं बैठ रहे हैं तो लुक के लिए की गई आपकी सारी मेहनत बिल्कुल बेअसर हो जाएगी। इसी कारण जरूरी है कि आप मुलायम फैब्रिक के बॉडी फिट कपड़ों का ही चयन करें।

### सफेद रंग के कपड़े चुनें

एक सफेद शर्ट या टी-शर्ट न केवल जींस या ट्राउजर के साथ अच्छी लगती है, बल्कि यह चिलचिलाती गर्मी में आपके शरीर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। अगर आप पसीने के दाग के कारण सफेद पहनने से कतराते हैं तो इसकी जगह हल्के रंग के कपड़े चुनें और जींस की जगह ट्राउजर पहनें क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। महिलाओं पर भी ये सफेद रंग के आउटफिट्स खूब जंचते हैं।

### जितना रहेंगे सोबर, उतना लगेंगे बेहतर

कई पुरूषों का माना है कि वे जितने ब्राइट और ज्यादा पैटर्न वाले कपड़े पहनेंगे, वे उतने स्टाइलिश रहेंगे, जो कि उनकी गलतफहमी है। यह लोगों का ध्यान खींचने में तो मदद करता है, लेकिन गलत ढंग से, इसलिए हमेशा सिंपल-सोबर और साफ-सुथरे रहें। इसी के साथ अपनी स्किन का भी अच्छे से ख्याल रखें क्योंकि ऊपरी तौर पर दिखने वाली चीजों के साथ बेसिक सुधारों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### टोपी पहनने में न शर्माएं

आमतौर पर गर्मियों के दौरान लोग टोपी पहनना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन आप इसे अपनी स्टाइल का हिस्सा बनाने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। इसकी मदद से न सिर्फ आपका सिर सूरज की हानिकारक UV किरणों से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि इससे आपको कूल लुक भी मिल सकता है। पुरुषों को इसके साथ प्रयोग करने से नहीं शर्माना चाहिए।


### शर्ट की स्लीव्स को रोल करें

यह गर्मियों के दौरान पुरुषों के लिए सबसे आसान और प्रभावी स्टाइलिंग हैक्स में से एक है और इसके लिए उन्हें ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं है।

बस फुल स्लीव्स की शर्ट पहनें और उसकी स्लीव्स को रोल करते हुए कोहनी के ऊपर रखें। इसके अतिरिक्त, अपने बालों और दाढ़ी को भी समय-समय पर ट्रिम करते रहें। इससे आपको बहुत अच्छा लुक मिलेगा।

8- APR-Jash-RAGH-CORIY- JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/8/2024 8:26 PM Page 1






# अजय देवगन की 'मैदान' का गाना 'रंगा रंगा' जारी

**मुंबई।** 'शैतान' की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म 'मैदान' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने 'मैदान' का नया गाना 'रंगा रंगा' जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है। 'मैदान' की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

लाइफ Style

# मलाइका

## अरबाज के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोडा अपने पूर्व पति अरबाज खान के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं। इस दौरान जहां मलाइका अपनी मां के साथ थीं वहीं अरबाज के साथ उनकी पत्नी शूरा और पिता सलीम खान थे।




डिनर करने के बाद जब सभी बाहर निकले तो कैमरा में स्पॉट हुए। इतना ही नहीं मलाइका की मां फिर सलीम खान के साथ कार में घर गईं। ये फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस उन सबके बीच बोंडिंग देख खुश हैं। मलाइका काफी ग्लैमरस लग रही थीं। सलमान खान के पिता सलीम खान रेस्टोरेंट से बाहर आकर जब गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो उस दौरान पैपराजी ने मलाइका और उनकी मां के साथ उनकी फोटो क्लिक कीं। अरबाज और शूरा फोटो के लिए सबके साथ नहीं आए। इस दौरान अलीजेह अग्निहोत्री, सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह और रवीना टंडन भी दिखीं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पार्टी 'पटना शुक्ला' फिल्म की वजह से हुई हो, जिसके प्रोड्यूसर अरबाज हैं। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इसमें रवीना लीड रोल में हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अरबाज और शूरा की मुलाकात हुई थी। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक हुए लंबा समय हो गया है। उनके एक बेटा अरहान खान है। अरबाज ने पिछले साल के अंत में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी कर ली थी।

हॉलीवुड मसाला




# बाइक एक्सीडेंट में गई जान

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चांस पेर्डोमो अब नहीं रहे। महज 27 साल की उम्र में अभिनेता ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 30 मार्च को अभिनेता की एक बाइक एक्सीडेंट में जान गई। कला के प्रति उनका जुनून और जिंदगी के प्रति उनकी भूख से हर वह शख्स वाकिफ था, जो उन्हें जानते थे। चांस ने अपने करियर की शुरुआत कम उम्र में शुरू की थी। साल 2016 में उन्होंने शॉर्ट फिल्म लॉन्गफील्ड ड्राइव से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। हालांकि, उन्हें पॉपुलैरिटी आफ्टर वी फेल से मिली।




# एना और लाइवली की फिल्म के सीक्वल का ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर लगभग 800 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। एना केंड्रिक ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। साथ ही न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्ट सेलिंग लेखिका भी हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म वुमन ऑफ द आवर से वो निर्देशकीय पारी शुरू कर रही हैं।



# हीरामंडी के लिए बनाया रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः दि डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकार्ड-ब्रेकिंग टाइम यानि 20 मिनट में पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास रच दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार का दूसरा गाना ' तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानी की पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।



# मनोज की 'जोरम' अब मुफ्त में यूट्यूब पर

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भैया जी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इससे पहले मनोज को फिल्म 'जोरम' में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। सिनेमाघरों के बाद इस फिल्म ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दी और अब आप 'जोरम' को फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं। 'जोरम' को आप जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। इस खबर की जानकारी देते हुए निर्माताओं ने फिल्म का लिंक भी दिया है। 'जोरम' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 40 लाख रुपये का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी दसरू (मनोज) की है, जो झारखंड की आदिवासी बस्ती में रहता है। उसे अपनी पत्नी (तनिष्ठा चटर्जी) और 3 महीने की बच्ची जोरम के साथ मुंबई आना पड़ता है, जहां वह मजदूरी करके खुशहाल जिंदगी जीता है।

# उषा मेहता के किरदार में नहीं जमीं सारा अली खान



**मुंबई।** सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। यह जीवनी नाटक उषा मेहता के जीवन पर आधारित है, जो एक स्वतंत्रता सेनानी थीं और उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सक्रिय रूप से काम किया था। सारा, जिन्हें आखिरी बार मर्डर मुबारक में एक ग्लैमरस भूमिका में देखा गया था, कन्नन अय्यर की नवीनतम रिलीज़ में एक शांत उषा की भूमिका निभा रही हैं। वह खादी साड़ियां पहनती हैं और हर मौके पर 'करो या मारो' चिल्लाती हैं, लेकिन ऐ वतन मेरे वतन में भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में असफल रहीं। ऐ वतन मेरे वतन की शुरुआत कनिष्ठ उषा द्वारा अपने पिता से यह कहने से होती है कि वह उड़ना चाहती है। सचिन खेडेकर द्वारा अभिनीत, उषा के पिता उसे आकाश में ऊंची उड़ान भरने के लिए पंख खोजने के लिए कहते हैं। इसके बाद फिल्म 1940 के दशक की कहानी बताती है जब सारा अली खान को भारत में ब्रिटेन की भागीदारी पर अपने पिता के साथ मतभेद करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, जल्द ही उषा को एहसास हुआ कि उनके पंख उनकी लड़ाई की भावना और राष्ट्र के प्रति प्रेम हैं। फिर उषा ने लोगों को एकजुट करने और भारत छोड़ो आंदोलन को प्रज्वलित करने के लिए कांग्रेस रेडियो नाम से अपना रेडियो स्टेशन शुरू किया।

कनगराज के निर्देशन में बनेगी फिल्म

# रजनीकांत की थलाइवर 171 का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** रजनीकांत की 'जेलर' ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। रजनीकांतजल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं। उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है। 'लियो' और 'विक्रम' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा।

## इस साल के अंत तक हो सकती है रिलीज

फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है। बता दें कि गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं।

# कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी

**मुंबई।** मनीषा कोइराला किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने कैंसर को मात देने के बाद मिली दूसरी जिंदगी और 'हीरामंडी' के लिए आभार जताया है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर 'हीरामंडी' में अपने सह-कलाकार सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल के साथ नजर आईं तो उनके माता-पिता, प्रकाश कोइराला और सुषमा कोइराला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह कई चीजों के लिए आभारी हैं, जिसमें उनके करियर के उतार-चढ़ाव से लेकर अच्छे निर्देशक, दोस्त और कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी शामिल है। मनीषा बोलीं, मुझे अब बेहतरीन फिल्में या शहरी जीवन नहीं चाहिए। मैंने केवल उन लोगों के साथ काम करना चुना है, जिनका मैं सम्मान करती हूं, इसलिए जब भंसाली का फोन आया तो मुझे पता था कि थोड़े समय के लिए अपनी शांत दुनिया को छोड़कर इसे करना सही होगा। अभिनेत्री ने भंसाली की तारीफ करते हुए कहा कि वह पहले दिन से ही प्रतिभाशाली थे।


'हीरामंडी' का हिस्सा बन आभारी हैं मनीषा कोइराला

# 'गुड्डी' से 'ड्रीमगर्ल' तक, इन अभिनेत्रियों ने सियासत में भी छुआ आसमान

*मुंबई। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में सभी पार्टियों की तैयारियां भी तेज हो गई है। इस बार सियासी जमीन पर अभिनेत्री कंगना रनोट भी दांव- पेंच खेलते हुए नजर आ रहीं हैं। उनसे पहले भी कई अभिनेत्रियां राजनीति के क्षेत्र में लोहा मनवा चुकी हैं। उत्तर से दक्षिण तक, कई नामी अभिनेत्रियों ने राजनीति की जमीन पर कदम रखा और सफलता की परिभाषा लिख दी। पर्दे पर भले इन्होंने ग्लैमर्स अंदाज दिखाया हो लेकिन राजनीति में गंभीर राजनेत्री बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।*



## वर्तमान में कंगना चुनाव मैदान में

सिनेमा और सियासत का रिश्ता काफी पुराना है। पर्दे पर अपनी अदाकारी से करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले सितारे अक्सर चुनावी बिसात पर किस्मत आजमाने पहुंचते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार भी कई फिल्मी हस्तियां ताल ठोकते हुए नजर आ रही हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत मैदान में हैं तो मथुरा से हेमा मालिनी चुनावी समर में एक बार फिर उतरी हैं।

## दोनों सदनों की सदस्य रहीं जया प्रदा



साउथ फिल्मों के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाने वाली जया प्रदा भी एक सफल राजनेत्री हैं। सियासत में रुझान बढ़ने के साथ 32 साल की उम्र में वो तेलुगु देशम पार्टी के साथ जुड़ी थीं। इसके बाद समाजवादी पार्टी और 2019 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। जया संसद के दोनों सदनों की सदस्य रह चुकी हैं।

## 6 बार मुख्यमंत्री बनीं जयललिता



तमिल सिनेमा की लीजेंड्री अभिनेत्री जयललिता ने भी सियासत की गलियों में खूब नाम कमाया। जयललिता को राजनीति में लाने का श्रेय तमिल सिनेमा के आइकॉनिक स्टार एमजी रामचंद्रन को जाता है, जिन्होंने जया के साथ कई फिल्मों में काम किया था। जयललिता ने 1982 में एआइएडीएमके ज्वाइन की थी। वो 6 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं।

## अमरावती से चुनाव मैदान में नवनीत कौर

नवनीत कौर एक मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्मों में लंबे अर्से तक काम किया है। नवनीत 2019 में अमरावती से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। इस बार वो बीजेपी के टिकट पर अमरावती से ही चुनावी मैदान में हैं।

## राज्य सभा सदस्य रहीं नरगिस

नरगिस अपनी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए आज भी याद की जाती हैं। मदर इंडिया, बरसात और आवारा समेत अभिनेत्री ने कई सुपरहिट फिल्में दीं। अदाकारी के बाद नरगिस ने राजनीति में भी हाथ आजमाया और राज्यसभा में जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। नरगिस 3 अप्रैल 1989 से 3 मई 1981 तक (निधन से पहले) राज्यसभा सदस्य रहीं।



## पॉलिटिक्स में लंबी पारी खेल रहीं हेमा मालिनी

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी राजनीति में अपना दबदबा बनाया। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर हेमा मालिनी ने पॉलिटिक्स में एक लंबी पारी खेली और अभी भी मैदान में डटी हुई हैं।

## राज्य सभा सदस्य जया बच्चन

बॉलीवुड की गुड्डी जया बच्चन, समाजवादी पार्टी की सदस्य हैं और राज्यसभा सांसद हैं। जया का राज्य सभा में चौथा कार्यकाल चल रहा है। 2004 में वो पहली बार राज्य सभा पहुंची थीं।





## मंत्री पद तक पहुंचीं स्मृति ईरानी

टीवी से करियर की शुरुआत करने वाली स्मृति ईरानी भारतीय जनता पार्टी का अहम हिस्सा हैं, क्योंकि सास भी कभी बहू के साथ घर-घर में छा जाने वाली स्मृति महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। इससे पहले वो मानव संसाधन विकास मंत्री रह चुकी हैं।

## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्राओं ने किया अमरकंटक के विभिन्न स्थलों का भ्रमण

**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 34 विद्यार्थियों ने अमरकंटक के विभिन्न स्थलों का अध्ययन भ्रमण किया। अध्ययन भ्रमण 6 अप्रैल को संपन्न हुआ। अध्ययन भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. एचएन दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया गया। विद्यार्थियों के साथ विभाग अध्यक्ष टीआर राहंगडाले, डॉ. सुप्रिया तिवारी, अमन सिंह एवं श्रीमती प्रांजना साहू ने विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को अमरकंटक की ऐतिहासिक धरोहर, जैव विविधता एवं पर्यावरण परिवर्तन का अध्ययन कराया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अमरकंटक के जैव विविधता क्षेत्र में सूक्ष्म जीवों द्वारा पौधों के मृत भागों का अपघटन किस प्रकार किया जाता है, इसका प्रत्यक्ष अध्ययन किया तथा लाइकेंस की विविधता को भी प्रत्यक्ष जाना। प्रकृति में सूक्ष्म जीवों द्वारा पदार्थ का चक्रीकरण किस प्रकार किया जाता है इसका अध्ययन स्थलों पर किया गया।

### सनावल में मनाई गई जिला स्तरीय कर्मा जयंती



**रामानुजगंज।** सनावल में जिला स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला साहू समाज के अध्यक्ष रामसेवक गुप्ता ने की। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत पश्चात स्थानीय साहू समाज के अध्यक्ष बुद्धि नारायण गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण किया गया। अतिथियों ने कर्मा माता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सभी ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन साहू समाज के जिला महामंत्री जय प्रकाश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत संगीत एवं झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सनद बंटी साहू, विशिष्ट अतिथि प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती यमला साहू, साहू समाज के सरगुजा संभाग के राजनीतिक प्रकोष्ठ संयोजक उपेन्द्र गुप्ता, गढ़वा जिला साहू समाज के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, झारखंड साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामचंद्रपुर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष बीडीलाल गुप्ता, श्रीमती रागिनी साहू दुर्ग, यशवंत दास साहू रायपुर, चन्द्र कांत साहू रायपुर, जिला साहू समाज के संरक्षक बंशीधर गुप्ता, संतोष गुप्ता एवं छुनेश्वर गुप्ता उपस्थित रहे।

### दो मासूम बेटों की स्मृति में माता-पिता ने कुदरगढ़ व खोपा धाम में लगवाया फ्रीजर

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटना में दो मासूम बेटों को खो देने पर माता-पिता ने उनके स्मृति में कुदरगढ़ और खोपा धाम में फ्रीजर लगवाया। साल 2018 में सलका अधिना निवासी विजय गुप्ता और शर्मिला गुप्ता ने अपने 2 मासूम बेटे नवम और डुग्गू को एक्सीडेंट में खो दिया था। बतौली से शादी समारोह शामिल होकर कार से सलका अधिना लौट रहे। इसी दौरान परिवार का दतिमा मोड़ के पास एक्सीडेंट हो गया। जिसमें विजय और शर्मिला के दोनों बेटे नहीं रहे। विजय-शर्मिला भी बुरी तरह घायल हो गए थे। विजय-शर्मिला अपने दोनों बेटों नवम और डुग्गू की स्मृति को जीवंत रखने के लिए निरंतर पुण्य कार्य कर रहे हैं। उन्होंने किलकिला में महर्षि कश्यप सेवा सदन निर्माण हेतु 51 सौ दान किया। जिले के खोपा धाम में श्रद्धालुओं के लिए ठंड और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर फ्रीजर लगवाया। अब नवरात्र के आगमन के पहले माता कुदरगढ़ी धाम में भी वाटर फ्रीजर लगवाकर पुनीत कार्य किया। सभी दान भेंट उन्होंने अपने स्मृति शेष बेटों नवम और डुग्गु की याद में दिया है। विजय कहते हैं जब तक वे सक्षम रहेंगे अपने दोनों बेटे की स्मृति में दान पुण्य कार्य का सिलसिला चलता रहेगा।



## निधन

### अरविंद कुमार ठाकुर



**बैकुण्ठपुर।** सीएचसी सेक्टर सुपरवाइजर सोनहत अरविंद कुमार ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार सोनहत के स्थानीय मुक्तिधाम में सोमवार को किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पेज 1 का शेष

### महिलाओं ने रखा ...

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित चंदन महाराज ने बताया कि इस साल अमावस्या के दिन ही सोमवती अमावस्या है। यह साल की अंतिम सोमवती अमावस्या है। सोमवती अमावस्या 8 अप्रैल को मनाई गई। वैसे तो सभी अमावस्या शुभ होती है, लेकिन सोमवार और शनिवार के दिन पड़ने वाली अमवास्या खास होती है। इस दिन शिव पूजन करने से दोगुने फल की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन गंगा स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

## बेमौसम वर्षा से गर्मी पड़ी पस्त, सर्द हुआ वातावरण

# विक्षोभ के प्रभाव से पूरे दिन होती रही रिमझिम वर्षा, 10 डिग्री गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 48 घंटे विक्षोभ के सक्रिय रहने की संभावना

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को पूरे दिन बौछारें गिरी जिसके बाद दिन के तापमान में तेज गिरावट होने के साथ मौसम सर्द हो गया। शनिवार तक पड़ने वाल भीषण गर्मी कुछ घंटों में ही पस्त पड़ गई तथा दोपहर बाद ठंड लगने लगी। मौसम विज्ञानी आगामी 48 घंटे तक विक्षोभ के सक्रिय रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शनिवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान करती रही लेकिन रविवार को विक्षोभ के प्रभाव को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही सुबह 9 बजे से फुहारें गिरने लगी। सुबह थोड़ी देर के लिए हल्की धूप भी निकली लेकिन पूरे दिन रूक-रूक कर हल्की वर्षा होती रही। मौसम कार्यालय द्वारा पूरे दिन में कुल 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। विक्षोभ के प्रभाव से हुई हल्की वर्षा के बाद सबसे बड़ा बदलाव आया कि शाम 5.30 बजे दिन का तापमान गिरकर 26.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया तथा भीषण गर्मी ठंड में बदल गई। मौसम में आए इस तेज बदलाव के पीछे दिन एवं रात के तापमान के बीच बेहद कम अंतर को कारण माना जा रहा है। सरगुजा में गर्मी की शुरूआत हो गई थी लेकिन अभी धरती की सतह बहुत गर्म नहीं हुई थी। लिहाजा विक्षोभ की फुहारों से ही धरती की सतह समान्य हो गई तथा वातावरण सर्द हो गया। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ के आगामी 48 घंटे तक सक्रिय रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है। विक्षोभ को अरब सागर से पहुंच रही नमी ताकत दे रही है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण विक्षोभ के अग्रसर होने के बावजूद आसमान पर बादलों की सक्रियता बनी रहेगी। मौसम विज्ञानी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद भी स्थानीय प्रभाव से आगामी दो-तीन दिनों तक आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को रात का तापमान 20.2 डिग्री एवं दिन का तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस एवं 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। देर शाम वर्षा की रफ्तार तेज होने के कारण जन जीवन प्रभावित रहा तथा सड़के सूनसान बनी रही।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### दिन के तापमान में तेज गिरावट

बेमौसम बारिश से 24 घंटे के भीतर दिन के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। दिन के तापमान में हुई तेज गिरावट के कारण मौसम सुहाना हो गया है तथा गर्मी पूरी तरह खत्म हो गई है। विक्षोभ ने फिलहाल तेजी से बढ़ रही गर्मी पर ब्रेक लगा दिया है। तापमान में खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद भी स्थानीय प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने के कारण गर्मी से राहत रहने की संभावना है।

### गेंहू की कटाई-मिसाई प्रभावित

बेमौसम बारिश से गेंहू की कटाई-मिसाई पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। गेहूं की फसल पककर तैयार हो गई है तथा किसानों ने फसल की कटाई-मिसाई शुरू कर दी है। बेमौसम बारिश होने के कारण खलिहानों में रखी फसल भींग गई है वहीं खेतों में खड़ी पकी फसल को भी वर्षा से नुकसान होने एवं भीगने से दानों का रंग बदलने की संभावना जताई है। अब लगातार धूप निकलने के बाद फसल की कुटाई-मिसाई शुरू होने की संभावना है।

### समितियों में पड़े धान को भी नुकसान

बेमौसम बारिश से पिछले चार महीने से अधिक समय से उपार्जन केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे रखे धान को भारी क्षति होने की संभावना हे। सरगुजा के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 1 लाख 11 हजार क्विंटल एवं बलरामपुर में 4 लाख 66 हजार क्विंटल धान उठाव का इंतजार कर रहा है। मार्कफेड पिछले एक महीने से राइस मिलरों के माध्यम से संग्रहित धान का उठाव कराने का दावा कर रहा है।

## पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण 12 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल में करीब 900 कर्मचारी लेंगे प्रशिक्षण

16 मार्च से लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। निर्वाचन संबंधी कार्य को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों व कार्यालयों में आयोग के निर्देशानुसार बैठकों, प्रशिक्षण, जनजागरूकता का दौर लगातार जारी है।

लोकसभा निर्वाचन के लिए पीठासीन एवं मतदान अधिकारी 1 का प्रथम प्रशिक्षण 12 अप्रैल तथा मतदान अधिकारी 2 एवं 3 का प्रथम प्रशिक्षण 13 अप्रैल को बैकुंठपुर स्थित सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित की गई है। प्रशिक्षण सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगा, जिन कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना है, उन्हें कर्मचारी कोड के साथ प्रशिक्षण कक्ष क्रमांक भी आवंटित कर दी गई है। प्रशिक्षण में स्कूल शिक्षा, सहकारिता, स्वास्थ्य, वाणिज्य एवं उद्योग, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, राजस्व मंडल, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य पालन, पशुपालन, परिवहन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, तकनीकी शिक्षा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, जल संसाधन, छग स्टेट सिविल सप्लाइज कारपोरेशन, खनिज संसाधन, कृषि, ऊर्जा, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वाणिकी, उच्च शिक्षा, आवास एवं पर्यावरण, आयुर्वेद, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति आदि विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को पीठासीन एवं मतदान अधिकारी बनाए गए हैं। 12 अप्रैल को पीठासीन एवं मतदान अधिकारी एक प्रशिक्षण में 897 तथा 13 अप्रैल को मतदान अधिकारी दो एवं तीन में 711 अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। विदित हो कि कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के अंतर्गत 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 22 अप्रैल को नाम वापसी की तिथि है तथा 7 मई को मतदान होगा और मंगलवार 4 जून को मतगणना होगी।

### रन फॉर अहिंसा में जैन समाज के 30 बच्चों ने लगाई दौड़

**अम्बिकापुर।** जैन समाज की पाठशाला द्वारा गांधी स्टेडियम में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर अहिंसा का आयोजन किया गया। दौड़ में दिगंबर व श्वेताम्बर समाज के बच्चों ने भाग लिया। दौड़ उपरांत बच्चों को योगासनों का अभ्यास कराया गया। स्वीटी जैन ने बच्चों को प्राणायाम का महत्व बताया तथा मुनीश्री प्रमाण सागर महाराज के दिशा निर्देश में चल रहे भावना योग की जानकारी दी।

## बेमौसम हुई बारिश से गेहूं की फसल को होगा नुकसान



**बिश्रामपुर।** रविवार की सुबह अचानक मौसम में हुए बदलाव से भीषण गर्मी के बाद रिमझीम बारिश होने पर जहां एक ओर तपिश से कुछ समय के लिए राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर फसलों के नुकसान का खामियाजा अन्नदाताओं को उठाना पड़ेगा। बेमौसम बारिश की वजह से मौसम में कुछ ठंड़क आई है, जिससे तेज गर्मी के बीच बारिश से लोगों ने राहत सांस ली है। मौसम विभाग ने 7, 8, 9 अप्रैल को प्रदेश में बारिश होने की संभावना जताई है।दरअसल कोयलांचल व आसपास के क्षेत्र में लोग पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी से परेशान थे, जहां पारा 40 डिग्री से भी ऊपर पहुंच गया था। इस भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने बदलाव के संकेत दिए। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किमी ऊंचाई तक फैला हुआ है। साथ ही प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी भी आनी शुरू हो गई है। इसकी वजह से 7, 8, 9 अप्रैल को बारिश होने की संभावना जताई गई थी। बेमौसम बारिश की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल में देखने को मिल रहा है। किसानों के अनुसार अभी गेहूं की फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है और पुनः शुरू हुए बेमौसम बारिश की वजह से गेहूं का स्वाद बदलने के साथ इसमें काले दाग लग रहे हैं। साथ ही तापमान में नमी आने से गेहू फसल में अब फफूंद भी लगने लगे हैं। इसके अलावा बेमौसम बारिश की वजह से फूल गोभी, पत्ता गोभी, बैगन, करेला, भिंडी, डोडका, कुम्हड़ा के खेती में भी काफी नुकसान हो रहा है।

## नगर के प्रमुख मार्गो से संगठन करते हुए गुजरेंगे श्रद्धालु / नौ दिवसीय प्रभातफेरी का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में 9 दिवसीय प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रतिदिन भजन-कीर्तन के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजित प्रभातफेरी 9 से 17 अप्रैल तक प्रातः 5.30 बजे से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः 7 बजे श्रीराम मंदिर पहुंचेगी और प्रतिदिन आरती, वंदना एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत 9 अप्रैल को प्रभातफेरी श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर भगत सिंह तिराहा, एफसीआई गोदाम, अहमद कॉलोनी, बीएस मार्ट, विजय टेकरी (हनुमान मंदिर), पीडब्ल्यूडी तिराहा से बस स्टैण्ड होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा। दूसरे दिन 10 अप्रैल बुधवार को श्रीराम मंदिर से आरंभ होकर सेंट्रल बैंक, विजय नर्सरी, विमलश्री टॉकिज, रमेश सिंह पुरानी बस्ती से रिंगरोड, खेड़ियि टॉकिज, जेकेडी रोड, रवि खोवा वाले, पुराना ग्रामीण बैंक, विवेकानंद चौक से फौव्वारा चौक होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा । तीसरे दिन 11 अप्रैल गुरूवार को प्रभातफेरी श्रीराम मंदिर से स्टेशन रोड, पुराना गुरूद्वारा, डॉ. नियोगी, लुकेश हार्डवेयर से अग्रवाल लॉज होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा। चौथे दिन 12 अप्रैल शुक्रवार को श्रीराम मंदिर से काली मंदिर, भगत सिंह तिराहा, कोर्ट रोड, बड़े सांई मंदिर से स्टेट बैंक होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा। पांचवे दिन 13 अप्रैल शनिवार को श्रीराम मंदिर प्रांगण से विनय होटल, शिव मंदिर, अरोड़ा निवास से पुराना पोस्ट ऑफिस होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा। छटवें दिन 14 अप्रैल रविवार को श्रीराम मंदिर से रेल्वे फाटक, श्याम मंदिर, रेल्वे कॉलोनी, शर्मा फर्नीचर, लायंस क्लब आई हॉस्पिटल, रेल्वे फाटक, लीला सेल्स से फौव्वारा चौक होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा। सांतवे दिन 15 अप्रैल सोमवार को श्रीराम मंदिर से सब्जी मंडी, होटल हसदेव इन, जेके सिंह, आमाखेखा तिराहा, पीडब्ल्यूडी तिराहा से बस स्टैण्ड होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा। आंठवें दिन 16 अप्रैल मंगलवार को श्रीराम मंदिर से सेंट्रल बैंक, सब्जी मंडी, खेड़यि टॉकिज के पीछे, छोटे सांई मंदिर, रवि खोवा वाले, वीणा लॉज, श्री हनुमान मंदिर से गांधी चौक होते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा। नवमें दिन 17 अप्रैल बुधवार को श्रीराम मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर में समापन होगा।

## मांगी अमन चैन की दुआ, रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** खोंगापानी (पोखरी दफाई) वार्ड नंबर 6 में अंजुमन कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, चंदन सिंह, अंकुर जैन, आशीष मजूमदार, जितेन्द्र प्रताप सिंह, जलील साह, गोपाल रावत, हरीलाल, अजीत बड़त्याया सहित काफी संख्या में आमजन मौजूद रहे। रमजान उल मुबारक के महीने के अंतिम दिनों में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दावत ए इफ्तार के आयोजन का सिलसिला जारी है। वहीं शनिवार को नगर पंचायत खोंगापानी के अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा ने रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया। इसमें काफी संख्या में रोजेदारों ने उपस्थित होकर रोजा इफ्तार किया। यहां मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया। इस दौरान मौलवी ने रमजान के पाक माह पर प्रकाश डाला और नमाजियों को सब्र और खुदा का पैगाम सुनाया।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल रामानुजगंज के नगर पंचायत क्षेत्र के दोनों शक्ति केंद्र में कई बूथ पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, अजय गुप्ता, तारावती सिंह, श्रवन यादव, मोहन गुप्ता, पवन कश्यप, बीरबल सरुता, श्रीमती ऊषा गुप्ता, प्रमोद कश्यप, रमेश गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता,अनूप गुप्ता,अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता,अमित सिंह, राजू रवि ,अरुण नागवंशी, अनन्त रवि, इरफान अंसारी, विक्रम गुप्ता, कलाम मंसूरी,उदयपुरी, रामाधार पुरी व अन्य उपस्थित रहे।

## खमरौध के ग्रामीणों ने मतदान करने लिया शपथ





**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले के समस्त जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी के परिपालन में जिले के दूरस्थ क्षेत्र के जनपद पंचायत भरतपुर के ग्राम पंचायत खमरौध में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने स्वीप के अंतर्गत रंगोली बनाकर चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सभी उपस्थित लोगों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया, इसके पश्चात ग्राम पंचायत खमरौंध से रैली का आयोजन किया गया। रैली बिहान योजना के संकुल कोटाडोल से फुलकुमारी, गीता, रामकली, सुधा, करूणा तथा ग्राम संगठन की महिलाओं के साथ काफी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

### भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मानीचौक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सपकरा में पिछले नौ दिनों से श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का आयोजन किया गया। भगवत कथा के अंतिम दिन शनिवार बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वृंदावन के कथा वाचक मधुमती तिवारी ने अपनी मधुर वाणी से पूरे नौ दिनो तक भागवत ज्ञान कथा का वाचन किया। इस बीच सपकरा सहित आसपास ग्राम पंचायत के सैकड़ों जोड़ो ने उपवास रहकर पूरे नौ दिनो कथा सुनी एवं आखिरी दिनो में गुरु विद्या अर्पित कर धर्म की पथ पर चलने का प्रण लिया।






## बतौली जंगल में 27 एकड़ भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा,ग्रामीणों की उपस्थित में अधिकारियों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

मैनपाट और बतौली सर्कल के 27 एकड़ घने जंगल में अतिक्रमण करने के मामले में आज अधिकारी टीम के साथ मौके पर जांच करने पहुंचे। जहा ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच कर दोषियों के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही।

हरिभूमि ने मैनपाट और बतौली सर्कल के 27 एकड़ घने जंगल पर अवैध कब्जा का मामला प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशन किया गया था। जिस पर सीतापुर अनुविभागीय अधिकारी रवि राही द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल बतौली तहसीलदार तारा सिदार, वन विभाग के एसडीओ पीसी मिश्रा, सीतापुर रेंजर विजय तिवारी, उद्यान विभाग के अधिकारी सहित पूरी वन अमला मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों के समक्ष सूक्ष्मता के साथ मामले की जांच की गई। जांच टीम द्वारा 27 एकड़ घने जंगल अवैध कब्जा सही पाया गया जहां घेराव करने के लिए रखे गए खूंटा और फेंसिंग तार को वन विभाग द्वारा जब्ती बना अपने कब्जे में लिया। साथ ही घने जंगल के सर्किल क्रमांक 9 /2470 को अवैध रूप से घेराव किए गए फेंसिंग तार और खूंटा को उखड़वा कर वन विभाग द्वारा अपने कब्जे में लिया गया है। जांच में यह तथ्य सही पाया गया कि पूर्व सरपंच द्वारा मैनपाट और बतौली सर्कल के 9 / 2470 कंपार्टमेंट में फर्जी तरीके से 5 एकड़ भूमि का पट्टा वन विभाग से मिली भगत कर बनवाया गया है जिसे जांच टीम द्वारा निरस्त करने हेतु बात कही जा रही है।



